दिन– शनिवार दिनांक– 11 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

प्रदेश में नई सरकार के गठन को लेकर सरगर्मियां तेज हो गयी हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सरकारी आवास पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने नई सरकार के स्वरूप पर बैठक की है। बैठक में जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा और संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। इधर, पटना में भाजपा की भी अहम बैठक होने वाली है। इसमें बिहार भाजपा के प्रभारी विनोद तावड़े और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी सहित अन्य नेता मौजूद रहेंगे। नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे से पहले सीएम हाउस खाली कराया जा रहा है। एक अणे मार्ग से सभी सामान सात सर्कुलर रोड स्थित आवास में शिफ्ट हो रहा है।

——————————————————————

प्रदेश में इस साल होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिये सभी निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन सत्ताईस अप्रैल को होगा। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव मुकेश कुमार सिन्हा ने बताया कि ग्यारह मई तक प्रारूप पर आपत्तियां ली जायेंगी। उन्होंने कहा कि चौदह मई तक आपत्तियों का निपटारा किया जायेगा। श्री सिन्हा ने कहा कि अपील से जुड़े मामलों का निपटारा अठारह से बाईस मई के बीच किया जायेगा। सचिव ने बताया कि अंतिम रूप से प्रपत्र–एक का प्रकाशन पच्चीस मई को होगा। चुनाव प्रक्रिया को सुचारू बनाये रखने के लिए अधिकारियों को तेरह से सत्रह अप्रैल के बीच प्रशिक्षण दिया जायेगा।

——————————————————————

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को समाप्त करने के लिए अमरीका और ईरान के बीच आज इस्लामाबाद में वार्ता होगी। अमरीकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व उपराष्ट्रपति जे.डी. वैंस करेंगे। उनके साथ राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और सलाहकार जेरेड कुशनर भी होंगे। ईरान का प्रतिनिधित्व संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाग़ेर क़लिबाफ़ करेंगे।

——————————————————————

समाज सुधारक और महान जनसेवक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर आज राष्ट्र उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। अठारह सौ सत्ताईस में आज ही के दिन जन्मे महात्मा फुले ने अपनी पत्नी सावित्री फुले के साथ मिलकर महिला शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। इसके साथ ही उन्होंने जाति व्यवस्था और छुआछूत जैसी सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने के लिए संघर्ष किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने ज्योतिबा फुले को पुष्पांजलि अर्पित की है। इस अवसर पर देश के विभिन्न हिस्सों में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के कार्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने ज्योतिबा जी के विचारों को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

——————————————————————

प्रदेश के अधिकांश जिलों में तापमान बढ़ने से गर्मी में वृद्धि हो रही है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान पूर्वी चंपारण के मोतिहारी में अधिकतम तापमान सैंतीस डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पटना और अरवल जिले में पचास किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से धूलभरी हवा चली। मौसम विभाग ने अगले तीन से चार दिनों के दौरान राज्य के अनेक भागों में अधिकतम तापमान में चार से छह डिग्री सेल्सियस की वृद्धि की संभावना जताई है। डॉक्टरों ने लोगों को अपने शरीर को हाईड्रेट रखने के लिए पर्याप्त पानी पीने और तेज धूप में लंबे समय तक रहने से बचने की सलाह दी है।

——————————————————————

संस्कृति मंत्रालय और बिहार सरकार के कला और संस्कृत विभाग की कोशिश से बक्सर में अपनी विरासत को बचाने की पहल शुरू हो गई है। जिलाधिकारी श्रीमती साहिला ने कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए विरासत के डिजिटलीकरण पर जोर दिया।

——————————————————————

अररिया के जिलाधिकारी विनोद दूहन ने मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाईट योजना की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को प्रत्येक वार्ड में दस–दस लाईट लगाने का निर्देश दिया है।

——————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।